समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 19 August 2026

# IT या बैकिंग नहीं, इस क्षेत्र ने दी 8 करोड़ नौकरियां और लाया अरबों का विदेशी निवेश ! सरकार की रिपोर्ट मे बंड़ा खुलासा ।

Publisher Published on 16 Jun 2025




## सरकार ने बताया कि 2024 मे पंर्यटन क्षेत्र ने कमाए 2.77 लाख करोड़ रुपये, आने वाले सालों मे 4.5 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान ; जाने किन देशों से आ रहे सबसे ज्यादा पर्यटक और कैसे बन रहे रोजगार ।

**नई दिल्ली :** जहां देश में **IT** और **बैकिंग** जैसे सेक्टर युवाओं के करियर विकल्पों में छाए हुए हैं, वहीं अब एक नया क्षेत्र तेजी से उभरकर सामने आया है—पर्यटन क्षेत्र। **केद्रं सरकार द्वारा** जारी **पर्यटन मंत्रालय** की रिपोर्ट के अनुसार, इस क्षेत्र ने न केवल लाखों रोजगार दिए हैं, बल्कि विदेशी मुद्रा कमाई में भी बड़ी भूमिका निभाई है।

**2024 मे पंर्यटन से 2.77 लाख करोड़ की कमाई !**
**पर्यटन मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक**, 2023 में पर्यटन से **विदेशी मुद्रा** में **2,31,927 करोड़ रुपये** की कमाई हुई थी, जो 2024 में बढ़कर **2,77,842 करोड़ रुपये** तक पहुंच गई। विशेषज्ञों का मानना है कि इस रफ्तार से अगर विकास होता रहा तो 2030 तक यह आंकड़ा **4.5 लाख करोड़ रुपये** को पार कर सकता है। यह रकम सीधे देश के **GDP** में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली होगी।

**किन देशों से आ रहे सबसे ज्यादा टूरिस्ट ?**
सरकारी रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में सबसे अधिक पर्यटक इन देशों से आते हैं:
**अमेरिका – 19.2%**

**ब्रिटेन – 13.8%**
**कनाडा – 7.6%**
**ऑस्ट्रेलिया – 4.6%**
**मलेशिया – 3.7%**

2024 में कुल 96.57 लाख विदेशी पर्यटक भारत आए, जो 2023 की तुलना में 19.80% और 2022 की तुलना में 28.35% ज्यादा है। ये आंकड़े बताते हैं कि **भारत वैश्विक पर्यटन** मानचित्र पर बड़ी तेजी से उभर रहा है।

**पर्यटन से कैसे बन रहे है करोड़ों रोजगार ?**
पर्यटन से जुड़े **होटल, ट्रैवल एजेसी, विमानन, फूड प्रोसेसिंग, वेलनेस टूरिज्म, एडवेचंर** और **हेरिटेज ट्रैवल, लग्जरी हॉस्पिटैलिटी** जैसे उप-क्षेत्रों में भारी विकास हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, इस क्षेत्र ने अब तक करीब 8 करोड़ नौकरियों का सृजन किया है और आने वाले वर्षों में यह संख्या और भी तेजी से बढ़ सकती है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह क्षेत्र पूर्णतः ग्राहक-केंद्रित है, इसलिए इसमें भविष्य में भी करियर की अनगिनत संभावनाएं बनी रहेंगी।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.